संयुक्त निदेशक ने फिल्ड विजिट और मीटिंग कर दिए निर्देश, बताए डेंगू कंट्रोल के उपाय

कलेक्टर ने दिए निर्देश डेंगू संक्रमण की चैन को तोड़ा जाएं

झुंझुनूं, (निसं)। डेंगू कंट्रोल के लिए आए संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया ने सोमवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने फील्ड विजिट कर सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी और पीएमओ डॉ. संदीप पचार के साथ मीटिंग बुलाकर नई रणनीति बनाई। जिसको जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को अवगत करवाया गया। कलेक्टर मीणा ने पीएमओ, सीएमएचओ और आयुक्त नगर परिषद को निर्देशित किया कि आप तीनों की संयुक्त टीम बनाकर मंगलवार से आगामी चार दिन तक जिला मुख्यालय के साठ वार्डों में घर घर जाकर एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित करवाना सुनिश्चित करें। टीम के साथ नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर की ड्यूटी भी साथ में लगाई गई है। जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने अपने कक्ष ने स्टेट से प्रभारी के तौर पर आए संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी, पीएमओ डॉ. संदीप पचार, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, बीसीएमओ डॉ. रेखा कुमारी के साथ समीक्षा बैठक कर डेंगू से निपटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पॉजिटिव और आस-पास के घर टीम की विजिट सुनिश्चित कर एंटी लार्वा गतिविधियां कर, टेस्टिंग करवाकर डेंगू की चैन तोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर मीणा ने दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही आमजन को डेंगू के इस सीजन में खान पान में विशेष ध्यान रखने का आव्हान किया। डेंगू में खान-पान का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

डेंगू कंट्रोल के लिए आए संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया जिले के दौरे पर रहे।

डॉ. धौलपुरिया डेंगू पॉजिटिव के घर पहुंचेसंयुक्त निदेशक डॉ. धौलपुरिया ने मोहल्ला खटीकान में डेंगू पॉजिटिव के घर जाकर एंटी लार्वा गतिविधियों को क्रॉस चैक किया।

सीएचसी बगड़का किया निरीक्षण

संयुक्त निदेशक डॉ. धौलपुरिया ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगड़का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौसमी बीमारियों के लिए दवा, अलग से वार्ड व्यवस्था, सर्वे और ड्यूटी सहित बगड़की अच्छी व्यवस्थाए देखकर डॉ. धौलपुरिया ने प्रभारी डॉ. जुगलाल बुडानिया की प्रशंसा की। साथ पॉजिटिव केस की जांच की सूचना तुरंत उपलब्ध करवाने के लिए बीडीके अस्पताल के माइक्रो बायोलॉजिस्ट डॉ. सपना झाझड़िया को निर्देशित किया।

बीडीके अस्पताल का किया निरीक्षण, पीएमओ को शहर में डेंगू कंट्रोल के दिए निर्देश

संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया ने सोमवार दोपहर बाद बीडीके अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीएमओ डॉ. संदीप पचार एवं स्टाफ के साथ मीटिंग कर शहर में आए 30 डेंगू केस और उनसे बढ़ने वाले संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी ढंग से कार्यवाही और कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने झुंझुनूं बीसीएमओ के साथ नर्सिंग स्टाफ की टीम मय दो डॉक्टर्स डॉ विजय झाझड़िया और डॉ. जितेंद्र भांबू के समन्वय से चार दिन फिल्ड वर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ को डेंगू जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही नर्सिंग स्टूडेंट्स को टीम के साथ क्लब करने के निर्देश दिए। इस अवसर परो डॉ. राजकुमार डांगी, डॉ. भंवरलाल सर्वा, डॉ. रेखा कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डांडिया महोत्सव में स्वर कोकिला सीमा मिश्रा बिखेरेंगी रंग

चूरू, (कासं.)। शहर में एक बार फिर डांडिया महोत्सव 2.0 का आगाज 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होगा। आयोजन को लेकर सोमवार को बिसाउ रोड स्थित कैरियर महाविद्यालय में इसके पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान कैरियर ग्रुप के डायरेक्टर अमीलाल, सिंगापुर हब से अजय वीर जांगिड़ सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक आर जे ग्रेसी सिंह ने बताया कि यह एक मनोरंजक और रंगीन सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान की प्रसिद्ध गायिका और स्वर कोकिला के नाम से जानी जाने वाली सीमा मिश्रा अपनी मधुर वाणी से कार्यक्रम में चार चांद लगायेगी। इस डांडिया महोत्सव में डी जे नीया की भी खास प्रस्तुति होगी। कैरियर एज्यूकेशन ग्रुप के डायरेक्टर अमीलाल धेतरवाल ने कहा कि डांडिया महोत्सव 2.0 के आयोजन के पीछे एक महत्वपूर्ण उद्देश्य शहरवासियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जोड़ना है। रवि दाधीच ने कहा कि डांडिया महोत्सव न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह शहर की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल, प्रकाशचन्द सैनी, प्रवीण सैनी, विनोद सैनी, राहुल, यश सैनी, पार्षद कुलदीप तंवर, मदनगोपाल बालाण, संदीप जांगिड़, अतुल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

कार्यालय तहसीलदार भू.अ. भानीपुरा (चूरू)
क्रमांक-भू.अ./2024/6072
दिनांक 04.10.2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरवर खां पुत्र कासी खां जाति तेली निवासी नाहरसरा तहसील भानीपुरा जिला चूरू द्वारा एक प्रार्थना पत्र पेश कर निवदेन किया है कि रोही ग्राम नाहरसरा के खसरा संख्या 26/373 तादादी 45.18 बीगा वर्तमान खसरा सं 44 तादादी 11.61 हैक्टेयर भूमि सम्पूर्ण कासी खां पुत्र उजीर खां जाति तेली निवासी नाहरसरा के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार कासी खां ने उक्त भूमि की वसीयत दिनांक 07.01.2006 को लिखवा दी थी। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 08.03.2017 को हो गया। प्रार्थी उक्त वसीयत के आधार पर सरवर खां, अली खां, मुन्ना पुत्रगण कासी खां व समया पत्नी भंवरू खां, हबीब, आरीफ, मुस्ताक, सफी पुत्रगण भंवरू खां जाति तेली निवासी नाहरसरा तहसील भानीपुरा जिला चूरू के नाम नामान्तरकरण दर्ज व तस्दीक करवाना चाहता है। इसलिए इस आम सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि उक्त बाबत किसी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह अपना ऐतराज मय सबूत साक्ष्य इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में पेश करे। बाद गुजरने मियाद कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार भू.अ.भानीपुरा

नाम परिवर्तन

मेरा नाम शादी से पूर्व पासपोर्ट में Bhavika samyani है और शादी के बाद अभी मेरे आधार कार्ड और सभी दस्तावेज में Bhavika budhwani के नाम से जाना जाता है, इसलिए मेरे नए पासपोर्ट में भी Bhavika budhwani के नाम से जाना जाए।
पता- गली नंबर 3, बलदेव नगर, शिव मंदिर के पास, अजमेर

श्रम कल्याण कार्यालय पर मजदूरों का प्रदर्शन

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन (संबद्ध एक्टू) के बैनर तले श्रम कल्याण कार्यालय झुंझुनूं पर प्रदर्शन कर विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

श्रमिक कार्ड समय पर जारी करने, नवीनीकरण कार्ड समय पर जारी करने, भ्रष्टाचार के लिए जानबूझकर अनावश्यक दस्तावेज मांगना बंद करने, छात्रवृत्ति समय पर जारी करने, शुभ शक्ति सहायता चालू करने, आवास योजना में आवासहीनों को स्वीकृति देने आदि मांगों को लेकर जिला श्रम कल्याण अधिकारी के नाम श्रम निरीक्षक को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर सभी श्रमिकों में इस बात को लेकर जबरदस्त आक्रोश था कि बिना भ्रष्टाचार कोई भी कार्य श्रमिक कार्ड बनाने, छात्रवृत्ति देने व अन्य कार्य नहीं हो पा रहा है।

जिला स्तरीय मेरिट प्राप्त छात्राओं को लेपटॉप वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बेवड तहसील राजगढ जिला चूरू में सोमवार को करीबन दो बजे के आसपास वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बीडीसी मेंबर प्रतिनिधि वेद प्रकाश पूनिया के मुख्य आतिथ्य में एवं संस्था प्रधान विजय वर्मा की अध्यक्षता में राज्य एवं जिला स्तरीय मेरिट प्राप्त छात्राओं को लेपटॉप वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

वहीं समारोह में विशिष्ट अतिथि सुनील पूनिया कामरेड, मानसिंह निमड, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, पंचायत सदस्यगण, एसडीएमसी सदस्यगण उमराव पूनिया, जय सिंह फौजी, दयानन्द, शेर सिंह, सुरजभान सांगवान, मान सिंह सांगवान, स्टाफ सदस्यगण तोलाराम, सोनू, यशपाल, पंकज, ममता, वरिष्ठ सहायक नवनीत, मन्जू,

> ■ राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में राज्य एवं जिला स्तरीय मेरिट प्राप्त छात्राओं को लेपटॉप वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

तापडिया ट्रस्ट सदस्यगण मंजू, कविता, प्रियंका, प्राथमिक विद्यालय के नवीन पूनिया, विद्यार्थियों के माता-पिता एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे। संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी प्राध्यापक ने बताया कि संस्कृत शिक्षा में राजस्थान राज्य मेरिट में सबसे अधिक टेबलेट इस संस्था को प्राप्त हुए हैं। सत्र 2021-22 में ०6 टेबलेट, तथा सत्र 2022-23 में 11 टेबलेट छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुए हैं। तथा कुल 17 टेबलेट जो राजगढ तहसील में सामान्य शिक्षा में चतुर्थ स्थान एवं जिले में सातवां स्थान तथा संस्कृत शिक्षा में संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, को दिये गए। तिवारी ने बताया कि राज्य में संस्कृत शिक्षा प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2022-23 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के राज्य स्तरीय कार्यक्रम जो अगस्त मास में कोटा में हुआ था, उसमें इस संस्था को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। खेल में भी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जो नीमकाथाना में आयोजित हुई उसमें भी विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार को निरन्तर उन्नति के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

लीला पर दर्शक भाव विभोर हुए

पाटन,(निसं)। शहिद कल्याण सिंह चौक में स्थित हरबाई अतिथि गृह के स्टेज पर चल रही रामलीला में आज सीता स्वयंवर की लीला देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। व्यास पीठ पर विराजमान अजय मिश्रा ने तुलसीकृत रामायण के संगीतमय चौपाइयों के साथ जब भगवान राम और मां सीता के स्वयंवर का वर्णन किया तो चौक में विराजमान दर्शक भाव विभोर हो गए, किस तरह माता सीता के द्वारा ली गई प्रतिज्ञा को भगवान श्री राम ने धनुष तोड़कर पुरी की, उस वक्त भगवान परशुराम ने भगवान श्री राम को न जाने क्या-क्या कहा, किस तरह लक्ष्मण और परशुराम का आपस में संवाद हुआ, इसको देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। संगीतमय रामलीला का मंचन प्रयागराज धर्म प्रचारक रामलीला मंडल द्वारा की जा रही है, जिसमें एक से बढ़कर एक कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जा रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-आर.जे.-अ.-03102024-257654
CG-RJ-E-03102024-257654
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II - खण्ड 3 - उप खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3957] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टुबर 1, 2024/आश्विन 9, 1946
No. 3957] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 1, 2024/ASVINA 9, 1946

रेल मंत्रालय
[उत्तर पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
जयपुर, 1 अक्टुबर, 2024

का.आ. 4316(अ).- केन्द्रीय सरकार ने रेलवे (अमेंडमेंट) अधिनियम 2008 (जिसे इसमे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 2 के खंड (7 क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (4) जिले के संबंध में राजस्थान राज्य में चुरू-सादुलपुर दोहरीकरण परियोजना (57.82 कि.मी.) की विशेष रेल परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन, और संचालन के लोक प्रयोजन के लिए स्तम्भ (2) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे प्राधिकारी के रूप में कृत्यों का निर्वहन करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में प्राधिकृत करती है।

सारणी

क्र.सं.	सक्षम प्राधिकारी	तहसील	जिला
1	2	3	4
1	उप खण्ड अधिकारी, तारानगर	तारानगर	चुरू

[फा.सं. उपरे/मुख्यालय/सं.&नि./443599200 भाग-10]
वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 1155-CR/24

बालिकाओ द्वारा चार्ट व मॉडल कला का प्रदर्शन

उदयपुरवाटी, (निसं)। निसं। उदयपुरवाटी कस्बे की सेठ श्री जवाहर मल मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेला का आयोजन एसीबीईओ बृजलाल देवठिया के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य बीएल महरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेला में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों की किशोर बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें जॉन प्रथम भाषा कौशल अंग्रेजी व हिंदी, जॉन द्वितीय गणित व विज्ञान, जॉन तृतीय सामाजिक विज्ञान व समसामयिक परिवेश, स्वच्छता आदि से संबंधित चार्ट, चित्र, मॉडल आदि की स्टालें लगाकर, बालिकाओं न अपने हुनर व कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि एसीबीईओ बृजलाल देवठिया, विशिष्ट अतिथि डॉ सुमन मीणा, एडवोकेट मोतीलाल सैनी व प्रधानाचार्य बीएल महरिया ने स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाली किशोरियों को पुरस्कार व प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालिकाओं में कौशल एवं सृजनता का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हरफूल सिंह ने किया।

डॉ सुमन मीणा ने सभी विद्यार्थियों को फल वितरित किए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य रतन सैनी, व्याख्याता बहादुर मल ढेनवाल, पिंटू सैनी, सुनीता गुर्जर, दिनेश सैनी, राजेश कुमार भड़िया, मनोज कुमार, अनीता मीणा, तारामणि कुल्हरी, सुमन, सरोज, अनीता, भंवरलाल सैनी, विश्वेश्वरलाल, रंजना शर्मा, सत्यपाल कांटीवाल, किरण योगी, दिव्या कुमारी, सारिका सहित विद्यालय की समस्त बालिकाएं मौजूद रही।

11 वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

झुंझुनूं,(निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा प्रांतीय कार्यक्रम सेवा सप्ताह अनमोल खुशियां के अंतर्गत पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़रोड पर 11 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, सचिव लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन किशनलाल जांगिड़सहित क्लब के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राधाकृष्ण माथुर, गंगाधर, रामावतार सिंघानिया, कानसिंह, महावीरसिंह शेखावत, एसएन शर्मा, लॉयन कैलाशचंद्रा, केशरदेव तुलस्यान, बाबूलाल, लॉयन रामचंद्र मोदी को शॉल, दुपट्टा व सम्मान पत्र प्रदान कर वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया। लॉयन सदस्यों ने वरिष्ठ जनों के साथ अपने संस्मरण साझा किया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

भाजपा की सदस्यता दिलवाकर पार्टी की विचारधारा से जोड़ा

चूरू, (कासं.)। भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत आज भाजयुमो के द्वारा राजकीय लोहिया महाविद्यालय के पास सदस्यता अभियान का शिविर लगाकर युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिलवाई।

यहां भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदनगोपाल बालाण, सदस्यता अभियान के जिला सहसंयोजक हरिश कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को भाजपा की सदस्यता दिलवाकर पार्टी की विचारधारा से जोड़ा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदनगोपाल बालाण ने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों का गहरा उत्साह है। बालाण ने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने युवाओं को केन्द्र में रखकर अनेक योजनाऐं लागू की है।

जिनसे देश व प्रदेश का युवा स्किल डवलपमेंट के माध्यम से रोजगारपरक बन रहा है। ना केवल वह रोजगार प्राप्त कर रहा है बल्कि वह रोजगार उत्सर्जन का भी कार्य रहा है। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रजत शर्मा ने कहा कि यह अभियान जहां भाजपा को मजबूत करने का अभियान है, वहीं यह एक सर्व व्यापक एवम् सर्व समायोजित करने वाला अभियान है।

सदस्यता अभियान के जिला सहसंयोजक हरिश कुमार वर्मा ने कहा कि यह अभियान युवाओं को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने वाला अभियान है। इस अवसर पर मोनू काजला, राजीव लाम्बा, कपिल जाखड़, राहुल गोरा, अमन, सुनील, कुलदीप, कमल सैनी एवं अन्य युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

भीम

क्रमांकः- न.पा.रा./2024-25/1996-97 दिनांक :- 07.10.2024

प्रारूप-10
(नियम-6(7) देखिये)

-: लोकसूचना:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

क्र. सं.	आपत्ति सूचना पत्रावली 90क: कार्य का नाम	पत्रावली सं.	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल	प्रायोजन
1	जमीला, दौलत बानो, मौहम्मद असलम,मो. इमरान, वसीम अकरम पुत्र मो. आमीन व जेबु, मो. फारूक, मोहम्मद सतार पुत्र पुत्रियां सुभान खां ग्राम लम्बोर छिंपीयान तह. राजगढ़ (चूरू)	274(क)/ 30.09.2024	राजगढ़	488 /123	2.6923 हैक्टेयर	आवासीय
2	जमीला, दौलत बानो, मौहम्मद असलम मो. इमरान, वसीम अकरम पुत्र मो. आमीन व जेबु, मो. फारूक, मोहम्मद सतार पुत्र पुत्रियां सुभान खां ग्राम लम्बोर छिंपीयान तह. राजगढ़ (चूरू)	275/ 30.09.2024	राजगढ़	489 /123	2.3700 हैक्टेयर	आवासीय
3	सुधा देवी पत्नी नरेश कुमार, मंजूलता पत्नी विनोद कुमार, वाई न. 06, राजगढ़ (चूरू)	276/ 30.09.2024	राजगढ़	2693/ 2420	1.6020 हैक्टेयर	आवासीय
4	मंजूलता पत्नी विनोद कुमार, सिद्धमुख मोड़, राजगढ़ (चूरू)	277/ 30.09.2024	राजगढ़	117	0.6400 हैक्टेयर	आवासीय
5	जमीला पुत्री बसीर खां व न्यामत पुत्री नजीर खां व निसार खान पुत्र रहमत नजीर खां व बतुल पुत्री बशीर खां व बिस्मिल्ला पुत्री बशीर खां व मनीर खां पुत्र नजीर खां रफीक मोहम्मद, लाल मोहम्मद व सकिला बानो पुत्र पुत्रियां बशीर खां व सागरा पुत्री नजीर खां वाई न. 22 बहल रोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू)	278/ 30.09.2024	राजगढ़	730	1.188 हैक्टेयर	आवासीय
6	कालूराम पुत्र नत्थूराम, निवासी लम्बोर छोटी तह. राजगढ़ (चूरू)	202/ 11.05.2023	राजगढ़	435/ 258	0.2530 हैक्टेयर	औद्योगिक

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पुर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियम समय के भीतर - भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नही हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 07.10.2024 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)

'तेजी से हों कार्य, समय पर पूरी हों विकास परियोजनाएं'

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

चूरू, (कासं.)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि जिले के विकास से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं और विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय पर सभी प्रोजेक्ट पूरे करें ताकि सरकार की मंशा के अनुसार लोगों को समय पर इनका लाभ मिले।

जिला कलेक्टर सोमवार को डीओआईटी वीसी रूम में आयोजित आवश्यक सेवाओं, बजट घोषणाओं, संपर्क एवं अन्य माध्यमों से मिली समस्याओं के निस्तारण सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभी उपखंड अधिकारी वीसी के जरिए बैठक से जुड़े। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करते हुए जिले के विकास से जुड़ी परियोजनाओं पर काम करें ताकि सरकार की मंशा के अनुसार तेजी से विकास कार्य हों और समय पर उनका लाभ आमजन को मिले। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का तत्काल समाधान करें और यह सुनिश्चित करें कि तत्काल सभी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति सुनिश्चित हो।

इसके लिए आवश्यकता अनुसार भूमि चिन्हीकरण, भूमि आवंटन, भूमि अवाप्ति की कार्यवाही तत्काल पूरी करें। आवश्यक सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में बिजली, पानी की आपूर्ति सुचारू रखें तथा मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण एवं एहतियात के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करें। त्यौहारों के मध्येनजर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें और कटौती आवश्यक होने पर उसका समय इस प्रकार रखें कि आमजन को अधिक परेशानी नहीं हो। उन्होंने पेंडिंग बिजली कनेक्शन शीघ्र करवाने, इसकी रिपोर्ट नियमित रूप से भिजवाने के लिए कहा तथा सीइओ श्वेता कोचर एवं डिस्कॉम एक्सईएन अनिल पूनिया को जिले के मॉडल सोलर विलेज चिन्हित कर काम शुरू करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने पूनिया से कहा कि जिले की सरकारी इमारतों पर सोलर लगाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाएं। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, बिजेंद्र सिंह, चैनाराम, भवानी सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, अभिलाषा सिंह, डीडी आईटी नरेश टुहानिया, गोविंद सिंह राठौड, प्रांरभिक संतोष महर्षि, डिस्कॉम एक्सईएन अनिल पूनिया, रोजगार विभाग की सहायक निदेशक वर्षा जानू, नरेंद्र शेखावत, एडिनशल चीफ राममूर्ति, रमेश राठी, मनोज शर्मा, लाड कंवर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, सानिवि एसई चैतन्य पंवार, एक्सईएन बीएल सोनी, महिला अधिकारिता के उपनिदेशक जयप्रकाश, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़, डीएसओ सुरेंद्र महला सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

कलक्टर ने इस दौरान उपखंड अधिकारियों को भूमि अवाप्ति प्रकरणों के तत्काल निस्तारणए गिरदावरी कार्य के समुचित संपादन के निर्देश दिए तथा सरदारशहर एसडीएम को आरयूआईडीपी प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट भिजवाने के लिए कहा। कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिले में स्वच्छ भारत दिवस पखवाड़े के दौरान स्वच्छता के लिए बेहतर कार्य हुआए उसे निरंतर बनाए रखना है। उन्होंने डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह से कहा कि संभाग में खोले जाने वाली सैनिक स्कूल के लिए ताल छापर में उपलब्ध भूमि पर स्कूल खोले जाने के प्रस्ताव भिजवाएं।

उन्होंने सानिवि अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर रिंग रोड की डीपीआर बनाने, रामनगर तिराहे एवं ओम कॉलोनी में आरयूबी के लिए आवश्यक कार्यवाही करने, पूनिया कॉलोनी आरओबी के गुणवत्तायुक्त निर्माण को लेकर भी निर्देश प्रदान किए।

संपर्क पोर्टलए सीएम एवं लोकायुक्त कार्यालय एवं अन्य माध्यमों से मिलने वाली जन समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि समस्या चाहे किसी भी माध्यम से प्राप्त हुई हो, उसका त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करें।

सम्मान समारोह आयोजित

रतनगढ़, (निसं)। संपत शक्ति माता प्रचार समिति के तत्वावधान में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। ताड़केश्वर पुरोहित के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में समाजसेवी सुशीलकुमार सुरेका, लीलाधर सराफ, किशन सराफ, सुरेश भुवालका मंचस्थ अतिथि थे। इस दौरान वक्ताओं ने श्री संपत शक्ति माता की 60वीं पुण्यतिथि पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि समिति द्वारा आगामी दिनों में समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का भी संचालन किया जाएगा। समिति द्वारा छात्राओं को स्कॉलरशिप, महिलाओं को सिलाई व विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान व अन्य संसाधन उपलब्ध करवाने, पौधरोपण के साथ-साथ युवाओं की स्कील डवलप कर रोजगार उपलब्ध करवाना आदि मुख्य रूप से शामिल है। इस दौरान उपस्थित लोगों से भी इन कार्यों के प्रति सुझाव आमंत्रित किए गए, ताकि और अच्छे तरीके से इनका संचालन किया जा सके। कार्यक्रम को मंचस्थ अतिथि के साथ-साथ विष्णु सराफ, प्रदीपकुमार लढ़ा, ओम सारस्वत, पवनकुमार माटोलिया, मुरलीधर शर्मा, एसपी वर्मा ने भी संबोधित किया।